दैनिक
WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

# मेरठ दर्पण

वर्षः 05 अंक 340 मेरठ, रविवार 28 जून, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का.........




# कोरोना संक्रमण से श्रमिक हुए बदहाल, श्रमिक पंजीकरण से बदलेंगे




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कसेरूखेड़ा वार्ड संख्या 20 के संत रविदास सरस्वती शिशु मंदिर में सर्व समाज व कल्याण समिति के तत्वाधान में श्रमिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्या सरोजनी अग्रवाल, मेरठ कैंट विधायक सत्य प्रकाश अग्रवाल और श्रम विभाग के निदेशक चंद्र प्रकाश सरोज ने लोगों को श्रम कानूनों का लाभ लेने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रमिक पंजीकरण से लगभग 40 प्रकार के निर्माण श्रमिकों को तत्काल राहत मिल सकती है. जिन श्रमिकों ने पिछले 12 माह से 90 दिनों तक निर्माण श्रमिक के रूप में कार्य किया हो. जिसके लिए जिला श्रम कार्यालय या जनसेवा केंद्रों पर आवेदक को फार्म के साथ दो फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छाया प्रति व कार्य करने का प्रमाण पत्र के साथ पंजीकरण के लिए जमा करना होगा. यह पंजीकरण ऑनलाइन भी किया जा सकता है जिसके लिए वेबसाइट www-upbocw-in पर पंजीकरण कराया जा सकता है. विधान परिषद सदस्य डॉक्टर सरोजनी अग्रवाल और मेरठ कैंट विधायक सत्य प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि श्रम विभाग द्वारा पंजीकरण लोगों को कोरोना काल में नौकरी छूटने, रेहडी-खोमचा आदि का कारोबार छूटने, श्रमिक निर्माण में लगे मजदूरों को जीवन यापन और नया रोजगार शुरू करने के लिए संसाधन उपलब्ध हो सकता है. इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिक निर्माण मजदूरों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं जैसे मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना में पंजी त महिला श्रमिक के संस्थागत प्रसव की दशा में निर्धारित वेतन की दर से 3 माह के वेतन के समतुल्य धनराशि 1000 रुपया चिकित्सा बोनस देय होगा, पुरुष कामगार को 6000 रुपया एकमुश्त देय होंगे. पंजी त निर्माण श्रमिकों के दो नवजात शिशुओं के पोष्टिक आहार हेतु एकमुश्त ६20,000 भी मिलेंगे साथ ही पंजी त निर्माण श्रमिक के प्रथम संतान लड़की होने पर दूसरी संतान भी लड़की होने पर ६25000 की सावधि जमा जो 18 साल के लिए भुगतान किया जाएगा. इसके साथ ही दुर्भाग्यवश किसी श्रमिक की मृत्यु होने पर 5,00,000 रुपया, सामान्य मृत्यु होने पर 2,00,000 रुपए की सहायता दी जाएगी. कार्यक्रम में लगभग 80 लोगों को श्रम विभाग के पंजीकरण के प्रमाण पत्र भी दिए गये. कार्यक्रम का संचालन शाहरुख समाज वह कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र यादव द्वारा किया गया. इस मौके पर विधान परिषद सदस्य सरोजनी अग्रवाल व कैंट विधायक सत्य प्रकाश अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ष्मन की बातष् कार्यक्रम भी सुना और कार्यक्रम को जमकर सराहा. कार्यक्रम को सफल बनाने में गंगा नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश धस्माना, वार्ड पार्षद विजय सोनकर, वार्ड अध्यक्ष मयूर रस्तोगी, सर्व समाज कल्याण समिति के महामंत्री राजीव रस्तोगी कोषाध्यक्ष धनराज कोरी, पारस गुप्ता, राजेश सूद, धर्मसिंह तोमर, शक्ति सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## भारतीय किसान यूनियन का धरना लगातार 33वे दिन सिवाया टोल प्लाजा मेरठ पर जारी रहा



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत के जन्मदिन के मोके पर भारतीय किसान यूनियन मेरठ के तमाम कार्यकर्ताओ व पदाधिकारीयो ने भगवान गणेश जी की प्रतिमा के सम्मुख नतमस्तक होकर उनकी लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की । भाकियू नेता जगत सिंह राठी ने बताया की आज किसानो की लड़ाई लड़ते हुए किसान मसीहा अमर महेंद्र सिंह टिकैत की तीसरी पीढ़ी भी किसानो की हक की लड़ाई के लिए लगातार संघर्षशील जीवन व्यतीत कर रही है । उन्ही मे से युवा किसानो के दिलो पर राज करने वाले भारतीय किसान यूनियन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत के जन्मदिन पर मेरठ भाकियू के समस्त साथियो ने उन्हे तमाम माध्यमो से शुभकामनाएं भेजीं व उनके लम्बी उम्र के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। आज सिवाया टोल के धरने मे मुख्य रूप से सतीश इलमसिंह, विनीत सांगवान, तेजपाल शादीपुर, गौरव, सुभाष घोपला, सुशील कुमार पटेल, गौरव इलमसिंह, महेंद्र सिंह चहल, सनी जमालपुर, मयंक खोखर, आकाश सिरोही, लव भराला, प्रेम नंगला, सचिन वालियान, जोनी तेवतिया, मोहित पंवार, सागर जमालपुर आदि मौजूद रहे।

## एनएच 58 पर सड़क किनारे मिला युवक का शव

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** थाना पल्लवपुरम अंतर्गत हाईवे के किनारे एक युवक का शव पड़ा देख लोगों के होश उड़ गए। लोगों ने इसकी सूचना थाना पल्लवपुरम को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त कराई लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी। आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कहीं और कर उसका शव वहां पर फेका गया है।वहीं पुलिस ने शरीर पर चोट न होने की वजह से हत्या की आशंका को दरकिनार कर शव मर्चरी पहुंचा दिया।रविवार सुबह पल्लवपुरम और सुपटेक कालोनी के लोग हाईवे किनारे मोर्निंग वाक कर रहे थे। इसी बीच कुछ लोगों की नजर सुपरटेक और नारायण फार्म हाउस के पास हाईवे किनारे झाड़ियों एक युवक का शव देखा तो होश उड़ गए। लोगों ने भी शव की पहचान करने की कोशिश की, मगर नहीं हो सकी। कंट्रोल रूम की सूचना पर पल्लवपुरम पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के जेब की तलाशी ली। जेब से मोबाइल व अन्य कोई भी कागजात ऐसा नहीं मिला, जिससे मृतक की पहचान हो सके। कुछ लोगों ने युवक की हत्या कर शव फेंकने की आशंका जाहिर की, मगर पुलिस ने मृतक के शरीर को चेक किया तो चोट के निशान न होने पर हत्या होने से इंकार कर दिया। इंस्पेक्टर देवेश कुमार शर्मा का कहना है कि युवक का बरामद शव की शिनाख्त नहीं हुई है, आसपास के थानों में भी सूचना दी गई है, कहीं वहां कोई गुमसुदगी तो दर्ज नहीं है।

## बस ओर कार की टक्कर के बाद जमकर हंगामा, तोड़फोड़

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ डिपो की अनुबंधित बस मेरठ से गाजियाबाद के लिए चलती है। रविवार शाम चालक महेंद्र सिंह मेरठ की ओर आ रहा था। जैसे ही वह मोदीनगर में गोविंदपुरी के पास पहुंचा तो आल्टो कार में साइड लग गई, जिस पर दो युवकों से उसकी कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि युवकों ने बस पर पथराव कर दिया, जिससे सवारी घायल हो गई थीं। उन्होंने बस को रुकवाकर युवकों की पिटाई कर दी। साथ ही कार में भी तोडफोड़ कर दी। आसपास के लोगों ने मामले को शांत करा दिया था। इसके बाद युवकों ने फोन कर अपने साथियों को मेवला फ्लाईओवर के पास बुला लिया। जैसे ही बस पहुंची तो उन्होंने उसे रोक लिया और हमला कर दिया। पहले तो चालक की पिटाई की। इसके बाद बस के शीशे तोड़ दिए। सवारियों ने बीच-बचाव किया तो उनको भी जमकर पीटा। सूचना पर टीपीनगर थाना पुलिस पहुंची तो आरोपित कार लेकर भाग गए, लेकिन एक सिपाही ने ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के माध ावपुरम निवासी दीपक को दबोच लिया और उसे पकड़कर थाने ले आए। आरोप है कि युवकों ने कंडेक्टर रविंद्र से हाथापाई करते हुए रुपये भी लूट लिए। बस मालिक ने आरोपितों के खिलाफ तहरीर दे दी है। थाना प्रभारी रघुराज सिंह ने बताया कि एक युवक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। मेवला फ्लाईओवर के पास पहुंचते ही पांच-छह युवकों ने बस को रोककर चालक की पिटाई करनी शुरू कर दी थी। इसके बाद बस के शीशे तोडने लगे। सवारियों ने बचाने का प्रयास किया तो उनको भी पीटा। इससे अफरा-तफरी मच गई थी। लोग बस से निकलकर भागने लगे थे। बीच सड़क पर बवाल होने से दिल्ली रोड पर भीषण जाम लग गया था। पुलिस ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद यातायात को सुचारु कराया। उधर, चालक का आरोप है कि युवकों पर तमंचा भी था।

## गाजीपुर बॉर्डर दिल्ली पहुचे सपा नेता किशोर वाल्मीकि



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सपा नेता किशोर वाल्मीकि अपने समाजवादी साथियों के साथ पिछले 7 महीने से चल रहे गाजीपुर बॉर्डर पर किसान आन्दोलन में पहुंचे और रोष मार्च निकाला आपको बताते चलें केन्द्र सरकार द्वारा नए 3 कृषि कानून लाए गए जिनका पूरे देश में विरोध हो रहा है उसी क्रम में पिछले 7 महीने से दिल्ली के विभिन्न बॉर्डरों के साथ साथ गाजीपुर बॉर्डर पर भी किसान आन्दोलन लगातार चल रहा है. अब से पहले भी सपा नेता किशोर वाल्मीकि लगातार किसान आन्दोलन में भागीदारी करते रहे हैं आज पुनः अपने समाजवादी साथियों नरवैर सिंह खालसा गुरमीत सिंह देवेन्द्र दयाल आदि के साथ किसान आन्दोलन में भाग लेकर विरोध स्वरूप केन्द्रीय राज्य सरकार के खिलाफ रोष मार्च निकालकर नारेबाजी की इस मौके पर सपा नेता किशोर वाल्मीकि ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार को पिछले 7 महीने से कोरोना के बीच भी किसान आन्दोलन में किसान लगातार मांग कर रहे हैं गेंद सरकार को तत्काल प्रभाव से तीनों षि कानूनों को वापस लेना चाहिये और किसानों की मांग माननी चाहिए सपा नेता नरवैर सिंह खालसा ने कहा कि सरकार 3 काले कानून वापस नहीं लेती है तो आने वाले विधानसभा चुनावों में किसान सरकार को मजा चखाएंगे इस मौके पर सपा नेता देवेंद्र दयाल गुरमीत सिंह रणजीत सिंह गुरजिंदर सिंह भी पपिंदर आदि मौजूद रहे।

# जिलापंचायत अध्यक्ष को दी भाजपाइयों ने बधाई



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा निर्विरोध नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी के आवास पर जाकर उन्हें निर्विरोध ऐतिहासिक जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं देते पूर्व भाजयुमो जिला मंत्री मनिंदर विहान भराला, मनिंदर विहान ने बताया कि गौरव चौधरी के युवा जिला पंचायत अध्यक्ष बनने से विकास कार्य में गति मिलेगी और जिले का विकास रफ्तार से आगे बढ़ेगा गौरव चौधरी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनिंदर पाल सिंह की तरह पूरे जिले में अपनी एक अलग ही पहचान बनायेंगे जिससे समाज में उनका नाम और भी ऊंचा होगा इस दौरान साथ रहे योगेंद्र कुसेडी, गौरव चौहान, मुदित शर्मा आदि मौजूद रहे

# डीएम से मिले समाजवादी पार्टी के नेता



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** रविवार सुबह सपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह के नेतृत्व में पूर्व मंत्री शाहिद मंजूर, विधायक रफीक अंसारी, अतुल प्रधान, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष यशवीर सिंह, सुनील रोहटा आदि कलेक्ट्रेट में डीएम से मिलने पहुंचे। सपा नेताओं ने डीएम से कहा कि शनिवार को सपा प्रत्याशी को अपनी बात रखने का समय नहीं दिया गया, जबकि भाजपा के प्रत्याशी एक घंटे तक आपके पास रहे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी गौरव चौधरी के नामांकन को एकतरफा गलत बताया। डीएम ने कहा कि नामांकन के उपरांत प्रत्याशी सलोनी को अपने प्रस्तावक, अनुमोदक को जांच के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह समय पर नहीं आ पाए। उनके ना आने पर उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया। सारी कार्रवाई नियमानुसार की गई है।

# 'मन की बात' कार्यक्रम को कैलाश प्रकाश स्टेडियम दिखाया गया लाइव



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को कैलाश प्रकाश स्टेडियम में लाइव दिखाया गया। कैलाश प्रकाश स्टेडियम में सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, विधायक व खिलाड़ियों ने भी इसे सुना। स्टेडियम में सांसद राजेंद्र अग्रवाल सहित आरएसओ व स्टेडियम में अभ्यास करने वाले सभी खिलाड़ियों को यह आयोजन लाइव दिखाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात में मेरठ की बेटी प्रियंका गोस्वामी छा गई। पीएम मोदी ने मन की बात में कहा कि प्रियंका का जीवन बहुत सीख देता है। प्रियंका के पिता बस कंडक्टर हैं। परिवार बहुत संपन्न भी नहीं है, मगर प्रियंका का हौसला सराहनीय है। पीएम ने कहा कि प्रियंका को बचपन से ही वो बैग पसंद था, जिसमें खिलाड़ी मेडल रखकर ले जाते थे। बस मेडल वाला वो बैग ही प्रियंका को आज टोक्यो तक ले जा रहा है।

# कोविड से बचाव के लिये किट वितरण का कार्यक्रम



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम पल्लवपुरम मंडल स्थित पल्हेड़ा प्राथमिक चिकित्सालय को जनमानस की प्राथमिकता के आधार पर शासन द्वारा फैस-1 स्थित शिवालिक गेस्ट हाउस में शिफ्ट किया व नये भवन का उद्घाटन किया व बच्चों को किट वितरण कार्यक्रम में रहना हुआ तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। साथ में डॉ रोहित कुमार दिवाकर, डॉ सुधीर गुप्ता, डॉ मुकेश कुमार शिवालय, डॉ रोबिन , डॉ गर्वनर, पार्षद विक्रांत ढांका, पार्षद लोकेश चौहान आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह पार्क में महायज्ञ का आयोजन




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कमिश्नरी चौराहे पर चौधरी चरण सिंह पार्क में एक महायज्ञ का आयोजन किया गया यज्ञ के माध्यम से विश्वव्यापी महामारी कोरोना में अकाल मृत्यु को प्राप्त हुई आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई तथा तीसरी लहर में संपूर्ण मानव जाति की रक्षा हेतु मंत्र उच्चारण के साथ आहुतियां दी गई यज्ञ के माध्यम से विश्व हिंदू महासंघ मेरठ द्वारा संदेश पहुंचाया गया कि सभी लोग यज्ञ एवं हवन से वातावरण की शुद्धि कर ऑक्सीजन का उत्सर्जन करें जिससे कोरोना के बदलते हुए स्वरूप एवं बढ़ते हुए प्रभाव को निष्क्रिय किया जा सके। इसके साथ ही विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री पद के लिए नामांकित किए जाने पर ईश्वर से उनकी विजय के लिए प्रार्थना करते हुए महासंघ के लिए बहुत ही गर्व का विषय बताया यज्ञ के माध्यम से ईश्वर से महंत जी को विजई बनाने की प्रार्थना की गई तथा विश्व हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं योगी सरकार की उपलब्धियों के प्रचार व विजई अभियान के प्रचार प्रसार का श्रीगणेश किया गया महायज्ञ के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री संयोजक उत्तराखंड एवं दिल्ली देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर के साथ जिला संरक्षक हेमंत मित्तल, अमित चतुर्वेदी, रविंद्र हांडा ,जिला प्रभारी संजीव अग्रवाल ,जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, जिला अध्यक्षा अधिवक्ता यशोदा यादव, डॉ आकाश वीर,अमित बंसल ,सुमित तोमर, प्रतीक अग्रवाल, धर्माचार्य दिनेश शास्त्री उपाध्यक्ष सुधांशु शर्मा,अतुल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# आप माइनॉरिटी विंग जिला-मेरठ की बैठक आयोजित



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** आप माइनॉरिटी विंग जिला-मेरठ की बैठक ग्राम जगेठी में सह-प्रभारी उप्र0 व अध्यक्ष-माइनॉरिटी विंग शकील मलिक के दिशा निर्देशानुसार, प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रभारी डॉ.गुरमिन्दर सिंह व जिला अध्यक्ष डॉ0 अहकाम की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष डॉ अहकाम ने आगामी 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव को मजबूती से लड़ने व सदस्यता अभियान को मजबूरी से लड़ने पर बल दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ्ट गुरमिन्दर सिंह प्रभारी मेरठ, बुलंदशहर ने सभी साथीयों को राज्य सभा सांसद संजय सिंह व सह प्रभारीध प्रदेश अध्यक्ष शकील मलिक के द्वारा बताया निर्देशों के बारे में बताये और सभी सदस्य यूपी जोड़ो सदस्यता अभियान 8जुलाई से 8 अगस्त तक चलने व सदस्यता अभियान के मिस कॉल नम्बर 9151403403 की जानकारी दी साथ ही अजीज अंसारी को जिला सचिव नियुक्त की व सभी विधानसभाओ के प्रभारी नियुक्त किये। डॉ साजिद,ईमानवेल फ्रॉंसिस, शोएब भाई,अब्दुल कलाम,अजीज अंसारी बैठक में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ्ट गुरमिन्दर सिंह, प्रदेश सचिव उमर हबीब, जिला अध्यक्ष डॉ अहकाम,जिला महासचिव फारूक किदवई,जिला उपाध्यक्ष ईमानवेल फ्रॉंसिस,जिला कोषाध्यक्ष जैकब फ्रॉंसिस,जिला सचिव हर्ष वीर सिंह,रविन्द्र आदि शामिल रहे।

# साइबर अपराध से बचने के लिए आपको स्वयं ही सतर्क और सावधान रहना होगाः मिस नेहा भारती



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मिस नेहा भारती, असिस्टेंट प्रोफेसर , स्कूल ऑफ लॉ एंड कॉन्स्टिट्यूशनल स्टडीज, शोभित विश्वविद्यालय , मेरठ द्वारा 6 दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया जिसका विषय था प्साइबर अपराध से संबंधित इंटरपर्सनल और इंटरपर्सनल मुद्देष्. मिस नेहा ने बताया कि कैसे लोग साइबर अपराध का शिकार हो जाते है और उन्होंने तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध से कैसे बचाया जा सकता है उसके बारे में जानकारी दी। साइबर अपराध से बचने के लिए आप अपनी निजी जानकारी किसी से भी साझा न करे , अपनी सोशल मीडिया साइट्स जैसे की फेसबुक, ट्विटर , व्हाटअप , स्नैपचैट इत्यादि पर अपना लोकेशन साझा करने से बचे और २ स्टेप वेरिफिकेशन को अपनाए। मिस नेहा ने अटेंडीज को ये भी सिखाया की कैसे साइबर अपराध को ऑनलाइन रिर्पोट कर सकते है जो मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर द्वारा संचालित की जाती है। साइबर अपराध को कोई भी व्यक्ति जो साइबर अपराध का भुक्तभोगी है ऑनलाइन इस वेबसाइट पर जा कर रिपोर्ट कर सकता है https://cybercrime-gov-in/Accept-aspx जो व्यक्ति इस सुविधा से वंचित है वो स्वयं जाकर अपने नजदीकी साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज करवा सकता है। कार्यशाला के दौरान स्कूल ऑफ लॉ एंड कंस्ट्यूट्यूशनल स्टडीज विभाग के एसोसिएट डीन डॉ मोहम्मद इमरान एवम सभी शिक्षक मौजूद रहे ।

# 'मन की बात' कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुना



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को मेरठ दक्षिण विधायक डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने शास्त्रीनगर मंडल, मेरठ के वार्ड नं 26 के अध्यक्ष योगेश सौंधी के आवास पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस दौरान भाजपा महानगर उपाध्यक्ष डॉ. वकुल रस्तोगी, शास्त्रीनगर मंडल महामंत्री राजीव मदान, मीडिया प्रमुख आलोक सिसोदिया, पार्षद राजेश रुहेला, नरेन्द्र राष्ट्रवादी, निधि रस्तोगी, जतिन चांदना, संजीव सोलंकी, डॉ. आर.एम. गुप्ता, विनय गोयल सहित अन्य सम्मानित गण मौजूद रहे।

## वृक्षारोपण कर सभी को पेड़ लगाने के लिए किया जागरूक



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत दौराला मंडल अध्यक्ष रवि बटजेवरा ने आज दौराला ब्लॉक के गांव मछरी और चिरोडी में वृक्षारोपण किया व सभी को पेड़ लगाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान मंडल महामंत्री नवाब सिंह अहलावत, कार्यक्रम सयोंजक संजय नामदेव, सेक्टर सयोंजक रामबीर अहलावत, मंडल मंत्री ललित सैनी, कार्तिक चिरोडी, बूथ अध्यक्ष वेद बीर मछरी, आदि ग्राम वासी मौजूद रहे।

## पुलिस की आवाज फाउंडेशन ने किया विपुल जैन को सम्मानित



**मेरठ दर्पण-बागपत।** पुलिस की आवाज फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन को कोरोना योद्धा की मानद उपाधि से सम्मानित किया। ऑल इंडिया पुलिस की आवाज संस्था के जिला अध्यक्ष अक्षय चौधरी ने उनका फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया और उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर अक्षय चौधरी ने कहा कि कोरोना वायरस से फैली महामारी की विकट परिस्थितियों में विपुल जैन ने बेमिसाल सेवा दी और कुशल शौर्य के साथ योद्धा के रूप में खड़े रहे। वह उनकी क्षमताओं को सलाम करते हुए उनकी उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हैं। फाउंडेशन के संस्थापक पाल पंधारी, राष्ट्रीय अध्यक्ष गगन सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक झा तथा राष्ट्रीय सचिव महेंद्र चौधरी ने भी विपुल जैन के कार्यो की प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्रांत चौधरी, ऐश्वर्य राठी, मंजूर मलिक व अमित अग्रवाल का सहयोग रहा।

## जनपद की 4 सड़कों का होगा कायाकल्प, शासन ने जारी की धनराशि

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिलाधिकारी के बालाजी ने बताया कि शासन स्तर से राज्य सड़क निधि से जनपद मेरठ के 4 मार्गो के कार्यो हेतु रु0 61करोड़ 71 लाख 85 हजार की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वी ति के साथ चालू वित्त वर्ष में राज्य सड़क निधि से रू0 17 करोड़ 92 लाख 41 हजार की धनराशि अवमुक्त किए जाने की स्वी ति प्रदान की गई है। इस संबंध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन, लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इन चार कार्यो में जनपद मेरठ में हस्तिनापुर से सैफपुर करमचंदपुर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सु ढ़ीकरण, मवाना जयसिंहपुर मिर्जापुर मार्ग से माता भद्रकाली मंदिर मार्ग का निर्माण एवं सु ढ़ीकरण, मवाना जयसिंहपुर मिर्जापुर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सु ढ़ीकरण तथा नया गांव मखदुमपुर मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य किया जायेगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कार्यो को निर्धारित एवं अनुमोदित मानकों में अनुरूप कराया जाएद्य उन्होंने कहा कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्य को समय से पूर्ण कराया जाएद्य

## मेरठवासी जुड़े रहे एनवायरमेंट क्लब व वन विभाग के संयुक्त अभियान मेरी गुठली मेरा पेड़ से



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** एनवायरमेंट क्लब और वन विभाग मेरठ की ओर से 23 जून 2021 से 30 जून 2021 तक एक सप्ताह का संयुक्त अभियान मेरी गुठली मेरा पेड़ चलाया जा रहा है, जिसमें मेरठवासी प्रतिभाग कर रहे हैं। क्लब के संस्थापक सावन कनौजिया ने बताया कि उक्त सप्ताह में सुबह 9 से 11 बजे तक क्लब की टीम सर्किट हाउस पौधशाला में बैठती है, जहां पर कोई भी मेरठ वासी आकर गुठली वाले फलों की गुठलियों जमा करा सकता है। सारी गुठलियां जमा होने के बाद अंतिम दिन पर इन गुठलियों को मेरठ के डीएफओ को दिया जाएगा, जिससे कि आगे चलकर वन विभाग उनसे पेड़ उगाएगा। डीएफओ - राजेश कुमार ने कहा कि इस अभियान को चलाने के पीछे का उद्देश्य यही है कि लोग श्कचरे से कंचनरू की पद्धति को अपनाएं, जो गुठलियां आम लोगों के लिए कचरा समान है, उनसे हम पेड़ उगाएंगे। इस अभियान में मेरठवासी जुड़ रहे हैं भारी मात्रा में जामुन की और आम की गुठलियां क्लब को जमा करा रहे हैं। गोविंद, दिव्यांशी, पलक, शुभम, आशीष, गौरव, नंदिनी, रितिका, वासु, प्रियांशु आदि का सहयोग है।

## राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विधायक निधि से निर्मित सड़क का बुजुर्ग व्यक्ति ऋषिपाल से करवाया लोकार्पण

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने जनपद मुजफ्फरनगर के ग्राम मखियाली में अपनी विधायक निधि से निर्मित सड़क का समाज के बुजुर्ग व्यक्ति ऋषिपाल से लोकार्पण करवाया। विधायक निधि योजना अंतर्गत ग्राम मखियाली में हरिजन बस्ती में डा0 भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा के पास सी.सी. रोड एवं नाली की दीवार की विशेष मरम्मत कार्य का लोकार्पण मंत्री जी की द्वारा किया गया।



इसके बाद मंत्री जी ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उनका हाल चाल जाना। उन्होंने लोगो को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया। श्री अग्रवाल ने इसके बाद संविधान रचियता डा0 भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यर्पण भी किया।

## कुलदीप पूनियां बने युवा कल्याण आधिकारी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** अधीनस्थ सेवा चमन आयोग की और से क्षेत्रीय युवा कल्यान अधिकारी एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी पदो के परिणामों की घोषणा 04 जून को की गयी। इसमें मेरठ श्रीराम बिहार कॉलोनी के कुलदीप पूनियां का चयन क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी पद पर हुआ है। कुलदीप पूनिया के पिता सी.आई.एस.एफ में एसआई के पद पर डीएमआरई दिल्ली में तैनात है। इनका पैतरिक गांव अमानुल्लापुर है। उनके चयन से परिजनो में खुशी का माहौल है। कुलदीप पूनिया ने बताया कि मेरठ के रोहटा रोड गोडविन पब्लिक स्कूल से इन्टर करने के बाद उन्होने सेल्फ स्टडी से तैयारी की। वर्ष 2020 में उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही के पद पर चयन हुआ। उत्तर प्रदेश पुलिस का ट्रेनिंग पूरा होने के बाद सन् 2021 जून से ईआईएसएफ का जोईनिंग लेटर आया। 04 जून को क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी पद के लिये फाईनल रिजल्ट घोषित हुआ। है।



## कोरोना काल में दिवंगत हो चुके शिक्षको, प्रधानाचाय व प्रबंधकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासभा तथा उनके सहयोगी संगठन प्रबंधक महासभा आदि की एक महत्वपूर्ण बैठक संत विवेकानंद इंटर कॉलेज शास्त्री नगर मेरठ में संपन्न हुई । शिक्षक महासभा के अंतर्गत प्रदेश के महामंत्री मनोज शर्मा द्वारा कोरोना काल में दिवंगत हो चुके शिक्षकों तथा प्रधानाचार्य तथा प्रबंधकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखवाया। इस दौरान डीके पाल सिंह, डॉक्टर महेश कौशिक, सुधीर कौशिक, अशोक गुप्ता, सुनील, जितेंद्र शर्मा, ओपी आर्य, सुध ा कांबोज ,रंजना गौड़, प्रीतम सिंह आदि ने विद्यालय में ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन हेतु अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान तैयब अली की जगह पर जितेंद्र शर्मा को शिक्षक महासभा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रीतम सिंह को जिला महासचिव



शिक्षा महासभा का मनोनीत किया गया।तथा प्रबंधक महासभा पर संजय रस्तोगी को प्रबंधक महासभा का अध्यक्ष तथा अशोक गुप्ता को जिला महासचिव प्रबंधक महासभा मनोनीत किया गया। सुनील का जिला अध्यक्ष प्रधानाचार्य महासभा,भुवनेश कुमार वशिष्ठ को जिला महासचिव प्रधानाचार्य महासभा मनोनीत किया गया। तथा सुधीर कौशिक को जिला उपाध्यक्ष प्रधानाचार्य महासभा मनोनीत किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर महेश कौशिक, हरीश भारद्वाज, प्रवीण शर्मा ,पंकज शर्मा ,डीडी वर्मा ने नवनियुक्त नव मनोनीत अध्यक्ष तथा सभी पदाधिकारियोंको अपनी शुभकामनाएं दी।

## कोरोना के नये वैरिएंट डेल्टा प्लस से बचने के लिए और अधिक सावधानी बरतने की जरूरत

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कंकर खेड़ा स्थित राजा बाल एकेडेमी शिवलोक पूरी में आज वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की मासिक बैठक हुई जिसमें गत महीनों में समिति के दिवंगत सदस्यों एवं उनके परिजनों की मृत्यु पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष महेन्द्र कुमार रस्तोगी ने कोरोना की तीसरी लहर के संभावित खतरे के प्रति सभी को सचेत किया। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी का खतरा अभी टला नहीं है। यह समय-समय पर अपने रूप बदल रहा है।कोरोना वायरस का नया वैरिएंट डेल्टा प्लस पहले की अपेक्षा अधिक खतरनाक है,जो विशेष कर बच्चों को भी अपना निशाना बना सकता है। ऐसे में हमें पूरी सावधानी बरतनी है। लोगों को जागरूक करना है।मास्क लगाना ना



भूलें ,समाजिक दूरी बनाये रखें। अपने परिवार के साथ साथ अपने गली मोहल्ले में रहने वाले लोगों, परिचितों एवं सम्बन्धियों को भी कोविड वैक्सीन का टीका लगवाने के लिए प्रेरित करें क्योंकि यह निश्चित है कि कोविड वैक्सीन ही हमें कोविड संक्रमण से बचा सकती है। इस कार्य में हमें सरकार का पूरा सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर एस एस त्यागी,चक्रधर प्रसाद मनोड़ी, अजय मोहन शर्मा, हरपाल सिंह, दयाराम सैनी, एस के अरोरा, राजवीर जागिड, अनिल कान्त शर्मा, ठा जयवीर सिंह, सुमन मोहन गुप्ता, डा0एस पी सिंह, शशि बाला, आशा शर्मा, हेमलता यादव आदि उपस्थित रहे।

# नगर पालिका अध्यक्षा द्वारा धरातल पर रहकर किया जा रहा है कार्यो का निरीक्षण

## ❑ निरंतर क्षेत्र में रहकर कर रही है कार्यों की समीक्षा लापरवाही बरतने पर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की नगर पालिका अध्यक्षा द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साथ लेकर प्रात: 6रू45 बजे से 11रू45 बजे तक नगरीय क्षेत्र के में धुआंधार निरीक्षण किया गया जिसमें सर्वप्रथम प्रात: 7रू00 वार्ड संख्या 12 नरेश चंद्र मित्तल सभासद के वार्ड में महावीर चौक पर सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति चेक की गई समस्त सफाई कर्मचारी उपस्थित मिले स सफाई कर्मियों के कार्य क्षेत्र के संबंध में जानकारी करने पर दीपक कुमार सफाई नायक के द्वारा अवगत कराया गया कि इनमें से एक सफाई कर्मचारी अधिशासी अधिकारी के आवास पर तथा एक सफाई कर्मी फायर ब्रिगेड पर कार्य कर रहा है। इस पर पालिका अध्यक्षा द्वारा संबंधित सफाई नायक को निर्देश दिए गए कि दोनों सफाई कर्मियों को आज ही सरकारी आवास से हटाकर वार्ड में सफाई कार्य पर लगाएं अंजू अग्रवाल के द्वारा उपस्थिति लेने के



बाद सफाई कर्मियों की हौसला अफजाई की गई परंतु समस्त सफाई कर्मी क्षेत्रीय सभासद नरेश मित्तल पर काफी गुस्साआए हुए थे तथा उनके द्वारा एक स्वर में कहा गया कि सभासद नरेश मित्तल उनसे अपशब्दों का इस्तेमाल करते रहते हैं, जिसे वह बर्दाश्त नहीं करेंगे मौके पर मौजूद सोनू मचल महामंत्री सफाई कर्मचारी यूनियन के द्वारा भी नरेश चंद्र मित्तल द्वारा वार्ड के सफाई कर्मियों से किए जा रहे गलत बर्ताव पर गहरा रोष व्यक्त किया गया तत्पश्चात वार्ड संख्या 10 संगीता देवी के वार्ड में सर्कुलर रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास हाजिरी स्थल पर पालिका अध्यक्ष द्वारा सफाई कर्मियों की उपस्थिति ली गई स समस्त सफाई कर्मचारी उपस्थित मिले सफाई कर्मचारियों को पालिका अध्यक्षा द्वारा कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया तथा कहा गया कि



क्लीन एंड ग्रीन सिटी का उद्देश्य आप ही के माध्यम से पूर्ण होना है पश्चात सूचना मिलने पर की नवीन मंडी स्थल के पीछे नाले में एक गाय गिर गई है मौके पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा जेसीबी मशीन के साथ स्थल पर नगर पालिका अध्यक्ष जा द्वारा कान्हा पशु आश्रय योजना के सफाई कर्मियों से गाय को नाले से बाहर निकलवाया गया तत्पश्चात वार्ड संख्या 18 रानी सक्सेना पत्नी संजय सक्सेना के वार्ड में अरोरा क्वार्टर के सामने निर्मित हो रही सड़क एवं नाली निर्माण का निरीक्षण किया गया स स्थल पर मौजूद संजय त्यागी ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि वह कार्य को यथाशीघ्र एवं गुणवत्ता परक निर्मित कराएं स इसके पश्चात वार्ड 18 में ही जेसीबी मशीन के माध्यम से नाले से सिल्ट निकलवाते हुए सीधे ट्रश्चली में भरवाते हुए कूड़ा प्लांट पर भिजवाई गई स इसके बाद वार्ड संख्या 46 और 47 मोहल्ला खालापार की मेनरोड पर रोबोट मशीन के माध्यम से नालों की सफाई का निरीक्षण किया गया स इसके बाद ए टू जेड प्लांट रोड पर नलकूप का निरीक्षण किया वहां पर नईम पंप अटेंडेंट मिले उन्हें साफ सफाई पंप पर रखने के निर्देश दिए गए तथा क्लोरिनेशन की स्थिति भी चेक की गई, जो सही पाई गई इस मौके पर नगर पालिका अधिकारी कर्मचारी गण एवं स्टेनो अध्यक्ष गोपाल त्यागी एवं एसके बिट्टू आदि मौजूद रहे।

# हिंदू जागरण मंच ने लव जिहाद को लेकर किया धरना प्रदर्शन



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के खतौली थाने में हिंदू जागरण मंच के लोगों ने खतौली कोतवाली का घेराव करते हुए धरना प्रदर्शन किया उन्होंने खतौली कोतवाल को बताया कि आए दिन लव जिहाद के मामले बढ़ते जा रहे हैं कोई कार्यवाही नहीं हो रही है कोतवाली प्रभारी यशपाल सिंह ने आश्वासन दिया और कहां मुजरिमों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही होगी वही हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष ने बताया कि पिछले महीने के अंदर हिंदू समाज की लगभग आधा दर्जन बहन बेटियों के साथ जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है ऐसी 3 घटनाएं खतौली में हुई है जिसमें एक घटना कल ही सामने आई है कुछ फर्जी दस्तावेज सामने आए हैं लव जिहाद में कठोर कार्यवाही करने को लेकर हमारे द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया

# बच्चों को कोरोना से बचाने को मैडीकल किट का राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया वितरण



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** बच्चों को कोरोना की संभावित तीसरी लहर से बचाने के लिए मंत्री कपिल देव ने गांधी वाटिका में पीडियाट्रिक किट का वितरण किया। कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर काफी घातक साबित हुई। हालांकि दूसरी लहर में जिले में कोरोना संक्रमित हुए बच्चों का आंकड़ा काफी कम था, लेकिन तीसरी लहर में बच्चों और किशोरों पर जोखिम अधिक होने की आशंका के चलते इससे निपटने के लिए पहले से ही तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांधी कश्वलोनी स्थित गांधी वाटिका में 0-1, 1-5, 5-12 वर्ष के बच्चों के लिये नि:शुल्क पीडियाट्रिक किट का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और वितरण हेतु निगरानी समिति को किट सौंपी। उन्होंने बताया कि निगरानी समिति के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों और किशोरों को ये किटें उपलब्ध करायी जायेंगी। कपिल देव ने कहा कि सरकार, प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग की टीम, सामाजिक संस्थाएं, समाजसेवी, भाजपा कार्यकर्ता कोविड-19 की आने वाली किसी भी विषम परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने सभी से जल्द से जल्द टीका लगवाने और कोरोना गाईडलाइन का पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष राजेश पराशर, सभासद प्रेमी छाबड़ा, प्रवीण पीटर, अरविंद धनगर, पूनम शर्मा, गांधी कश्वलोनी हाउसिंग सोसायटी के चेयरमैन पवन छाबड़ा, सी.एम.ओ. महावीर फौजदार आदि मौजूद व निगरानी समितियाँ उपस्थित रहे।

## दैनिक जागरण के पत्रकार तरुण पाल के साथ इट एंड जॉय चिकन फूड पर अभद्रता, मोबाइल फोन भी छीना, पुलिस मौके पर

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** दैनिक जागरण के पत्रकार तरुण पाल के साथ इट एंड जॉय चिकन फूड पर अभद्रता, मोबाइल फोन भी छीना, पुलिस मौके पर पत्रकार से अभद्रता करने वाले चिकन सेंटर वाले को पुलिस ने सिविल लाइन थाने पहुंचाया।



## फिल्मी स्टाइल में चोरों द्वारा की गई बाइक चोरी, घटना हुई सीसीटीवी में कैद




**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर की सिविल लाइन थानाक्षेत्र के मेरठ रोड़ स्थित विकास भवन के बराबर से मोटर साइकिल चोरी हो गई, जोकि घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई सीसीटीवी की फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह से दो बाइक सवार आए और बड़े ही साथ ही रहना अंदाज में बिना किसी डर के मोटरसाइकिल को चोरी कर ले गए मोटरसाइकिल चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि आजकल सीसी टीवी लगे होने के बावजूद भी बेझिझक घटना को अंजाम दे देते हैं फिलहाल सीसीटीवी की फुटेज के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है

## एसडीएम सदर दीपक कुमार द्वारा पुरकाजी निवासियों को कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए किया गया जागरूक




**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के पुरकाजी कस्बे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाई वितरण एवं कोविड-19 के अंतर्गत टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया इसमें मुख्य अतिथि पुरकाजी विधायक विधायक प्रमोद ऊंटवाल रहे और एसडीम सदर दीपक कुमार एवं सीएमओ डॉक्टर ने पुरकाजी के क्षेत्रवासियों को कोई नैतिक के प्रति जागरूक किया इसके अलावा सीएमओ डॉ महावीर फौजदार द्वारा जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत लोगों को बताया गया कि कोरोना संक्रमण के चलते सभी के लिए वैक्सीनेशन जरूरी है इसके अलावा एसडीएम सदर कुमार ने लोगों को आश्वस्त किया कि वैक्सीनेशन पूरी तरह से सुरक्षित है और सभी वैक्सीन जरूर लगवाएं पुरकाजी विधायक प्रमोद ऊंटवाल द्वारा जनहित में लगातार कार्य किए जा रहे हैं ताकि क्षेत्र की जनता में हर तरह का जनहित कार्य हो सके

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोन 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।